# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

**(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)**

**बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग**

बिहार सरकार



विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in


पत्रांक: BRLPS-LSBA/Proj/56/18/411 दिनांक: 13.08.18

प्रेषक,

बालामुरुगन डी०, भा०प्र०से०
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी –सह- मिशन निदेशक,
लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष
जिला जल एवं स्वच्छता समिति।

विषय: LSBA IMIS पर IHHL के प्रोत्साहन राशि भुगतान की नयी प्रक्रिया के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सूचित करना है कि LSBA IMIS पर योग्य लाभार्थी (IHHL) की प्रविष्टि एवं प्रोत्साहन राशि भुगतान की नयी प्रक्रिया प्रारंभ की गयी है जिसकी विवरणी निम्नवत है :-

1. सर्वप्रथम पूर्व की भांति योग्य लाभार्थियों का IHHL निर्माण के उपरांत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा नामित सत्यापनकर्त्ता एवं जांचकर्ता(नोडल कर्मी) से हस्ताक्षरित पूर्ण आवेदन प्रखंड स्तर पर प्राप्त कर उसकी प्रविष्टि SBM – G IMIS पर की जायेगी। तत्पश्चात लाभार्थियों का Geo Tagging किया जायेगा जिसका approval जिला स्तर से होता है।

2. इसके उपरांत संबंधित अहर्ता पूर्ण होने के बाद प्रोत्साहन राशि के भुगतान हेतु LSBA IMIS पर योग्य लाभार्थी (Geo Tagged) का पूर्ण विवरण अंकित करते हुए प्रोत्साहन राशि (जो लाभार्थी * Geo Tagged है एवं जिनके शौचालय की प्रोत्साहन राशि का भुगतान अभी तक किसी भी योजना से नहीं किया गया है) का भुगतान पूर्व में किया जाता था परन्तु नयी प्रक्रिया के तहत योग्य लाभार्थी (जो लाभार्थी* Geo Tagged है एवं जिनके शौचालय की प्रोत्साहन राशि का भुगतान अभी तक किसी भी योजना से नहीं किया गया है) का सम्पूर्ण विवरण Webservice के माध्यम से LSBA IMIS पर वास्तविक समय (Real Time) में उपलब्ध है, जो स्वतः अद्यतन होता है।

नोट: लाभार्थी*- जिन लाभार्थियों को SBM-G, GAP एवं अन्य योजना यथा मनरेगा या PMAY या IAY के अन्तर्गत शौचालय हेतु प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया एवं जिन लाभार्थियों द्वारा स्वयं शौचालय निर्माण किया गया है, वैसे लाभार्थियों को छोड़कर।)

3. Geo Tagged लाभार्थी का विवरण LSBA के Report menu में "Export Download Baseline data of IMIS" में उपलब्ध होगा, जिसे पंचायत एवं ग्राम स्तर पर Filter कर देखा जा सकता है । यह विवरणी जिला एवं प्रखंड स्तर के login पर भी उपलब्ध है ।

4. प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा अधिकृत कर्मी (यथा-कम्प्युटर ऑपरेटर या अन्य) जिसे maker के रूप नामित किया गया है के login id से Geo Tagged योग्य **लाभार्थी *** (जो लाभार्थी Geo Tagged है एवं जिनके शौचालय की प्रोत्साहन राशि का भुगतान अभी तक किसी भी योजना से नहीं किया गया है) का विवरण "Registraton menu" में भी उपलब्ध है ।"Registraton menu" के "Approved Geo Tagged Beneficiary List" में लाभार्थी के नाम पर क्लिक करने के बाद "Single Page Entry" के पेज पर लाभार्थी का पूरा विवरण जो SBM-G IMIS पर उपलब्ध होता है वह प्रदर्शित हो जायेगा जिसमें किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जा सकता है ।

5. उपरोक्त Single Page entry में सिर्फ **लाभार्थी*** (जो लाभार्थी Geo Tagged है एवं जिनके शौचालय की प्रोत्साहन राशि का भुगतान अभी तक किसी भी योजना से नहीं किया गया है) का सिर्फ आधार संख्या, बचत खाता संख्या एवं IFSC कोड की प्रविष्टि किया जाना है एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान MIS पर Verifier (सत्यापनकर्त्ता) के नाम को Tag कर entry किये गये data को submit करने के उपरांत यह विवरणी BDO के login में उपलब्ध होगा ।

   BDO द्वारा अपने login में "Quick Process" मेनू के "Final Inspection SBM" के पेज पर Inspection के लिए उपलब्ध सारे लाभार्थी के विवरण को संबंधित फार्म से मिलान कर उसे inspector (प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा अधिकृत कर्मी के द्वारा आवेदन पर हस्ताक्षरित) के साथ tag किया जाता है । इसके बाद लाभार्थी का पूरा विवरण "Digital Payment" के "Generate Payment File" के page पर digital signature के माध्यम से प्रोत्साहन राशि के हस्तांतरण के लिए BDO Login में उपलब्ध होता है जिसे digital signature के माध्यम से प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जायेगा।

6. इस प्रक्रिया के प्रारंभ करने से पूर्व, जिन लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि के भुगतान हेतु प्रविष्टि की गयी थी जिनकी समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि उसमें कुछ ऐसे लाभार्थी है जिनका Geo Tagging नहीं हुआ है , या Baseline नंबर गलत है ,या उन्हें पहले किसी अन्य योजना से शौचालय की प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जा चुका है,वैसे सारे लाभार्थियों को lsba IMIS से हटा दिया गया है एवं शेष लाभार्थियों (जिन लाभार्थियों का जियो टैगिंग जिला स्तर से approve है तथा विवरणी सही है परन्तु प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है) को नयी प्रक्रिया में उनके खाता

विवरण के साथ Shift कर दिया गया है जो कि BDO के Login में "Quick Process" मेनू के "Final Inspection SBM" के पेज पर Inspection के लिए उपलब्ध होगा, जिसे नई प्रक्रिया के माध्यम से ही भुगतान किया जायेगा। इस प्रकार एकीकृत भुगतान प्रक्रिया से लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जा सकेगा।

7. प्रखंड एवं जिला स्तर पर प्रोत्साहन राशि से संबंधित दस्तावेजों (फोटोयुक्त आवेदन, नामित नोडल पदाधिकारियों की सूची, बेसलाइन सर्वे की प्रति, ODEP की प्रति, ग्रामसभा से अनुमोदित ODEP की प्रति) का दस्तावेजीकरण वार्डवार एवं पंचायतवार व्यवस्थित तरीके से पहले की तरह करते रहना है।

अतः उपरोक्त के आलोक में अनुरोध है कि LSBA IMIS पर IHHL के प्रोत्साहन राशि भुगतान की नयी प्रक्रिया को अपनाते हुए भुगतान हेतु अग्रेतर प्रक्रिया अपनाने का निदेश सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को दी जाय।

**अनुलग्नक- कंडिका-6 के आलोक में जिलावार सूची संलग्न- एक पेज।**

विश्वासभाजन

13/08/18

(बालामुरुगन डी०)

प्रतिलिपि : सभी जिला समन्वयक, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण-सह-सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

13/08/18

(बालामुरुगन डी०)

| क्रम संख्या | जिला | नयी प्रक्रिया में Shift किये गए लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | ARARIA | 6468 |
| 2 | ARWAL | 347 |
| 3 | AURANGABAD | 3023 |
| 4 | BANKA | 298 |
| 5 | BEGUSARAI | 4133 |
| 6 | BHAGALPUR | 2450 |
| 7 | BHOJPUR | 4621 |
| 8 | BUXAR | 923 |
| 9 | DARBHANGA | 10845 |
| 10 | GAYA | 4004 |
| 11 | GOPALGANJ | 2197 |
| 12 | JAMUI | 224 |
| 13 | JEHANABAD | 1021 |
| 14 | KAIMUR(BHABUA) | 2065 |
| 15 | KATIHAR | 2250 |
| 16 | KHAGARIA | 1050 |
| 17 | KISHANGANJ | 2174 |
| 18 | LAKHISARAI | 664 |
| 19 | MADHEPURA | 363 |
| 20 | MADHUBANI | 1880 |
| 21 | MUNGER | 1590 |
| 22 | MUZAFFARPUR | 12195 |
| 23 | NALANDA | 1898 |
| 24 | NAWADA | 2201 |
| 25 | PASHCHIM CHAMPARAN | 1491 |
| 26 | PATNA | 633 |
| 27 | PURBA CHAMPARAN | 2075 |
| 28 | PURNIA | 696 |
| 29 | SAHARSA | 1274 |
| 30 | SAMASTIPUR | 13807 |
| 31 | SARAN | 1312 |
| 32 | SASARAM(ROHTAS) | 4444 |
| 33 | SHEIKHPURA | 2187 |
| 34 | SHEOHAR | 1270 |
| 35 | SITAMARHI | 45460 |
| 36 | SIWAN | 1707 |
| 37 | SUPAUL | 7882 |
| 38 | VAISHALI | 2589 |
| | **Total** | **155711** |